jjm.up.gov.in पोर्टल पर R-17 में उपलब्ध Negative News (दिनांक 22.08.2026) दैनिक भाषकर, जोकि जनपद अमरोहा में jjm.up.gov.in पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है। **उक्त न्यूज जनपद बिजनौर से सम्बन्धित है। उक्त Negative News जनपद अमरोहा के किसी भी ब्लॉक से सम्बन्धित नहीं है,** सूचनार्थ प्रेषित।


अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
अमरोहा।

Scanned with CamScanner

जनपद- अमरोहा के JJM Portal पर लम्बित है परन्तु खबर बिजनौर जनपद की है

# जल जीवन मिशन के दावे धराशायी: खुशालपुर में एक माह से मोटर खराब, पानी सप्लाई ठप

संगम कुमार |
हिदायतपुर(अफजलगढ़), बिजनौर
18 दिन पहले



बिजनौर के कादराबाद स्थित ग्राम पंचायत अजीमुल्ला नगर के खुशालपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना सवालों के घेरे में है। यहां नवनिर्मित ओवरहेड टंकी की मोटर पिछले एक महीने से खराब पड़ी है, जिससे पूरे गांव में पानी की आपूर्ति ठप है।

इस योजना के तहत गांव में कुछ समय पूर्व ही नई पानी की टंकी का निर्माण किया गया था। उस समय दावा किया गया था कि अब हर घर में नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा, लेकिन टंकी बनने के बाद से ही पानी की नियमित आपूर्ति बाधित रही है।

Scanned with CamScanner

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक महीने पहले टंकी को भरने वाली मोटर जल गई थी। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अब तक मोटर की मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके परिणामस्वरूप टंकी खाली है और पाइपलाइनों में पानी नहीं पहुंच रहा है।

गर्मी और उमस के इस मौसम में पानी की कमी से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घरों में नल लगे हुए हैं, लेकिन पिछले एक महीने से उनमें पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों को 500 मीटर दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण महेंद्र सिंह ने कहा कि टंकी के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन मोटर खराब होने से इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों पर केवल आश्वासन देने का आरोप लगाया।

ग्रामीण ओमप्रकाश के अनुसार, जल निगम और अन्य विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं। हर बार अधिकारियों द्वारा जल्द मोटर ठीक कराने का आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाता है।

इस संबंध में जल निगम के जेई सचिन देव शर्मा ने बताया कि नई मोटर खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मोटर उपलब्ध होते ही उसे तुरंत स्थापित कर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

ग्रामीण ओमप्रकाश, महेंद्र, नरेंद्र, तुलाराम और वसीम सहित अन्य निवासियों ने जिला प्रशासन से जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत की जांच करने की मांग की है। उन्होंने अजीमुल्ला नगर में तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था के साथ नई मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति बहाल करने की अपील की है।

Scanned with CamScanner